तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 1 जुलाई 2024



12 विधायक ने किया एक पेड़ मां के नाम के तहत...





12 सेंट्रल की नौकरियों में यादव बच्चों को नहीं मिल...







छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24


# भारत की जीत पर देर रात जमकर आतिशबाजी, युवाओं में नजर आया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सांसे अटका देने वाले रोमांच भरे टी-20 के फाइनल मैच में जैसे ही भारत ने जीत का स्वाद चखा लोग सड़कों पर उतर आए। शहर के नेहरू चौक में जमकर आतिशबाजी हुई और महासमुंद की सड़कों पर जीत के जश्न में डूबे लोग सड़कों पर रैली की शक्ल में नजर आए।

भारत ने साउथ अफ्रीका को 7 रनों से हराकर टी-20 विश्व कप अपने नाम कर लिया। इसकी खुशी हर भारतीय को हो रही है। विश्वकप की जीत के साथ ही शहर के नेहरू चौक में बादल मक्कड़ के समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की। बड़ी संख्या में युवा सड़कों पर उतरे और जश्न मनाने लगे। शहर में इस रात दीवाली जैसा नजारा दिखा। भारत की जीत के बाद लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

### युवाओं में दिखा अधिक उत्साह

भारत ने पहला एक दिवसीय विश्व दो बार जीता है। पहला 1983 फिर दूसरी बार भारत ने 2011 में भारत में कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में टीम ने घरेलू मैदान पर यह सफलता हथियाई। 2011 के तकरीबन 14 साल बाद भारत ने टी-20 विश्वकप जीता। इसके चलते 14-17 वर्ष के युवाओं में इस जीत को लेकर अधिक उत्साह नजर आया क्योकि 2011 में बाल्यवस्था में थे और वर्तमान में वे अब कुछ वर्षों में मतदान के अधिकार को प्राप्त करने जा रहे है। इन सबके बीच विश्वकप में फतह हासिल करना युवाओं को काफी उत्साहित करने वाला रहा।

### कोमाखान में भी खूब फूटे पटाखे

कोमाखान। टी-20 कप टूर्नामेंट में दक्षिण में दक्षिण आफ्रिका के साथ भारत का फायनल मैच हुआ। इसमें भारत की ऐतिहासिक 13 वर्ष बाद वर्ल्ड कप जीता एवं ट्रॉफी पर कब्जा किए जाने पर यहाँ के क्रिकेट प्रेमियों ने रात में ही आतिशबाजी कर खूब पटाखे फोड़े। और एक दूसरे को बधाई देते रहे। खेल प्रेमियों में रवि कशरवानी, सुनील जैन, मयंक चंद्राकर, रुपेश साहू, संतोष चंद्राकर, राजू केशरवानी के अलावा राजू, धैर्य जैन आदि थे। वहीं कोमाखान अंचल के गांवों में भी फायनल जीत की खुशी में पटाखे फोड़े गए।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** तुमगांव थाना अंतर्गत बीते 23 मार्च को सड़क दुर्घटना में हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में जांच के बाद आरोपी बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बाइक क्रमांक सीजी 04 एमडब्लू 6896 के चालक ने परसराम साहू को ठोकर मार दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम फुलवारी में एक युवक के साथ चार लोगों ने मारपीट की। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि प्रार्थी कृष्णा वर्मा पिता रोशन (33 साल) निवासी बागबाहराकला के साथ आरोपी धर्मेंद्र, मनोज, लक्की, रिंकी पाठक सभी निवासी मौलीमुड़ा बागबाहरा ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इसी तरह एक अन्य मामले में प्रार्थी युवराज ठाकुर पिता भोजराज (30 साल) निवासी खुसरूपाली के साथ आरोपी चेतन ठाकुर पिता ठग्गुराम ने गाली गलौज कर मारपीट किया। पुलस ने मामले में आरोपी के खिलाफ 294, 323 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम चेरगाढोड़गा से आरोपी संतलाल सिदार उर्फ शंभू पिता रतनलाल (36 साल) के कब्जे से 4 लीटर महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया है।



### बरसात लगते ही सब्जियों के दाम बढ़े

**महासमुंद।** बरसात लगते ही सब्जियों के दाम में बढ़ोतरी हो गई है। जिसके चलते लोगों के घर के बजट में असर दिखाई दे रहा है। बढ़ते दाम के चलते अंचल के लोग सब्जी खरीदने में कम रूचि दिखा रहे हैं। बता दें कि बारिश लगते ही किसान धान की खेती में जुट गए हैं, इसके चलते अब आने वाले दिनों में सब्जी की कीमत और बढ़ने की आशंका है। साथ ही सब्जी व्यापारी फार्म हाउस से सब्जी मंगा रहे हैं, इसके चलते भी दाम बढ़े हैं। महासमुंद के सब्जी मार्केट में फिलहाल करेला 100 रुपए, भिंडी 40, गोभी 100, टमाटर 60, मिर्ची 80, धनिया 200, मुनगा 200, शिमला मिर्च 100, बरबट्टी 160, ढेंस 160 रुपए किलो में बिक रहे हैं।

### भाजपाइयों ने रोपे पौधे

**महासमुंद।** स्थानीय सुभाष नगर शक्ति केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी गई। जिसमें मां के नाम एक पेड़ लगाओ अभियान के तहत सुभाष नगर, सरस्वती राइस मिल के पीछे स्थित तालाब में पीपल पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र प्रभारी लाल विजय सिंग, पवन पटेल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद, प्रकाश शर्मा शहर मंडल महामंत्री, आकाश पांडे, कुशाल साहू आदि मौजूद रहे।

## रोष: तुमगांव-सिरपुर क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से लोगों में गुस्सा

# तुमगांव में बिजली दफ्तर का घेराव, व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



तुमगांव और सिरपुर क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर गुस्साए जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने तुमगांव बिजली सब स्टेशन का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की। नहीं होने की स्थिति में चक्काजाम करने की चेतावनी भी दी है। तुमगांव नगर पंचायत और आसपास के क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से खासे परेशान है। कई दिनों तक लाइट बंद रखा जा रहा है। बिजली गुल के कारण प्राइवेट कार्य से लेकर शासकीय विभागों में कामकाम प्रभावित हो रहा है। वहीं खेतों में बोर भी नहीं चल पा रहा है। गांवों में नल जल योजना प्रभावित है। लाइट नहीं होने के करण बोर बंद पड़े है। ज्ञात हो सिरपुर क्षेत्र हाथी प्रभावित है और लाइट नहीं होने के कारण हमेशा डर बना रहता है। बिजली विभाग के अधिकारी- कर्मचारी की मनमानी चल रही है। आम जनता की परेशानियों पर जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं देते है। शिकायत के बाद विभाग की ओर किसी ध्यान नहीं दिया जाता। नगर पंचायत तुमगांव को शहरी क्षेत्र के बाद भी घंटो लाइट बंद का सामना करना पड़ता है, जिससे आम जनता बहुत परेशान है।

### व्यवस्था में सुधार नहीं चक्काजाम की चेतावनी

सिरपुर क्षेत्र से आए लोगों से बिजली विभाग के अधिकारी ज्ञापन लेने भी नहीं आए। इस प्रकार अनदेखी की जा रही है। बिजली विभाग का जिसके कारण आम जनता और जनप्रतिनिधियों ने अपना विरोध प्रदर्शन सड़क पर ही बैठ कर किया। जमकर नारेबाजी भी की। शीघ्र ही बिजली विभाग द्वारा लाइट कटौती बंद न होने पर चक्काजाम करने की बात कही गई। करणी पावर प्लांट को विद्युत सप्लाई पर रोक लगाने की मांग की। लाइट व्यवस्था को सुधार कराने के लिए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

### घेराव के दौरान पहुंचे नागरिक व जनप्रतिनिधि

बिजली विभाग के घेराव के दौरान तुमगांव सिरपुर मंडल अध्यक्षव नगर पंचायत तुमगांव उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेन्द्र यादव, द्रोणाचार्य साहू, भुनेश्वर साहू, डोमार पटेल, नरेंद्र साहू, पप्पू शर्मा, राजू शर्मा, कार्तिक सेन, राकेश तिवारी, राकेश धीवर, गिरजादास, सविता धीवर, तलझार के सरपंच सुरेश कुमार यादव, नंदलाल पटेल, इंद्र कुमार साहू, गेंदलाल पुष्पाकर, रवि सोनकर, मानिकराम सोनवानी, संतोष साहू, मिथलेश साहू, ललित निषाद, दामोदर पटेल, गोपी ध्रुव, देवेन्द्र सेन, गुलशन धीवर, योगेश कुमार, सूर्या जोशी, मनीष मानिकपुरी समेत आदि उपस्थित रहे।

# राशन दुकानों में पहुंच रहे उपभोक्ता परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

उचित मूल्य की दुकानों में ई-पॉस मशीन का सर्वर डाउन होने से उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। राशन लेने के लिए दुकानों में कतार लग रही है। जिले में वन नेशन, वन राशनकार्ड के तहत ई-पॉस मशीन के माध्यम से ही राशन का वितरण किया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं ने जून महीने का राशन नहीं लिया था, उनकी भीड़ राशन दुकानों में देखी जा रही है।

सहायक खाद्य अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि कहीं-कहीं सर्वर डाउन की समस्या है। इनमें ज्यादातर दूरदराज के गांव हैं। टॉवर नहीं होने से कार्य अटक जाता है। इधर, राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30जून निर्धारित की गई है। आवेदन करने के के लिए एक दिन का समय ही शेष रह गया है।

25113 हितग्राही अभी तक आवेदन नहीं कर पाए हैं। जिले में 3 लाख 30 हजार 702 राशनकार्डधारी हैं। इसमें से मोबाइल के माध्यम से 2 लाख 9 हजार 295 लोगों ने आवेदन किया है। उचित मूल्य की दुकानों के 1 माध्यम से 95835 लोगों ने आवेदन 1 किया है। कुल 305124 लोगों ने आवेदन कर दिया है। लगभग 8 प्रतिशत लोगों ने अब तक आवेदन नहीं किया है। तिथि वृद्धि को लेकर अब तक निर्देश नहीं मिले हैं।

# रुक-रुक कर हो रही बारिश तापमान में भी आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिले में शुक्रवार शाम से रुक-रुक कर बारिश जारी है। रविवार को सुबह से दिन भर धूप भरा माहौल रहा फिर बाद में शाम होते ही एक बार फिर बारिश हुई। पिछले 24 घंटे से हो रही बारिश के बाद तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है, जो रात में गिरकर 27 तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश की वजह से तापमान में गिरावट आएगी। अगले चार दिनों तक पारा 30 डिग्री सेल्सियस के ऊपर नहीं जाएगा।

बारिश होने से वातावरण में ठंठकता का अहसास होने लगा है। गर्मी से परेशान लोगों ने राहत कीसांस ली, जिससे शहर में माहौल खुशनुमा हो गया। बारिश के साथ ही जहां आम लोगों के चेहरे में रौनक आई तो वहीं खेती-किसानी की तैयारी शुरू कर चुके किसानों ने भी राहत महसूस की है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के तकरीबन सभी संभागों के कई जिलों में अच्छी बारिश हो सकती है। अगले 24 घंटे में जिले में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों में मानसून आगे बढ़ सकता है। इसके लिए फेवरेबल कंडिशन बन सकते हैं। आने वाले कुछ दिनों में मानसून के मध्य छग समेत कई हिस्सों में एक्टिव होने की उम्मीद जताई गई है।

### खेती की तैयारी हो गई तेज, बीज-खाद खरीदने सोसायटी पहुंच रहे किसान


ग्रामीण अंचल में आषाढ़ माह लगते ही खरीफ फसल की के लिए खेत की मेड़ पार की सफाई के साथ ही गोबर खाद डाले जा रहे हैं। वहीं सुविधा के अनुसार अधिकांश किसानों ने ट्रैक्टर से धान की बोआई भी शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांवों में कहीं बारिश तो कहीं पर सूखा व बूंदाबांदी के बीच किसान रोपाई के लिए बीज भी। डाल रहे हैं। बारिश की आमद के साथ ही जिले के किसान खेती कार्य में जुट गए हैं। जुलाई की पहली तारीख से प्रदेश में मानसून-सक्रिय होने की संभावना को देखते हुए अब बीज और खाद के लिए सोसायटियों किसानों की भीड़ बढ़ने लगी है।

### 21 हजार क्विंटल खाद का उठाव

कृषि विभाग ने भी जिले के 130 सहकारी समितियों में बीज और खाद का भंडारण किया है। जहां वितरण भी शुरू हो चुका है। अब तक 23 हजार 536 क्विंटल धान बीज का स उठाव हो चुका है। वहीं 20 हजार 746 क्विंटल खाद किसान ले चुके हैं। जिले की सोसायटियों में 30 हजार 286 क्विंटल धान का भंडारण किया गया है। जिसमें 23 हजार 536 क्विंटल बीज का उठाव हो चुका है, जबकि 8 हजार 497 क्विंटल धान का उठाव बाकी है।


पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969










## खबर संक्षेप



### प्रयास विद्यालय और यूपीएससी कोचिंग व्यवस्था की तारीफ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय एवं यूपीएससी परीक्षा के लिए की गई कोचिंग व्यवस्था की राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने तारीफ की। श्री अहीर की अध्यक्षता में शनिवार को नवा रायपुर स्थित नवीन विश्राम गृह में बैठक रखी गई, जिसमें प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी शामिल हुए। समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव आशीष उपाध्याय, सलाहकार राजेश कुमार, अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, सचिव सामान्य प्रशासन अंबलगन पी., सचिव कौशल विकास डॉ. एस. भारतीदासन, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा जनक पाठक, संचालक अजा, अजजा विभाग नरेंद्र दुग्गा, संचालक समाज कल्याण रोक्तिमा यादव सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### बीजू कार्ड से हो रही लोगों के जीवन से खिलवाड़

**रायपुर।** राजधानी के एक निजी अस्पताल में मरीज के साथ हुई चिकित्सकीय लापरवाही के कारण मौत के मामले में दोषियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज करने मांग करते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता व ओड़िया समाज के वरिष्ठ नेता, अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, राजधानी रायपुर में पड़ोसी राज्य ओडिशा सरकार की लोकप्रिय योजना स्वास्थ्य बीजू कार्ड में फर्जीवाड़े का मामला लगातार सामने आ रहा है। बीजू कार्ड काली कमाई का जरिया बन गया है और लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ हो रही है।

### आपसी रंजिश पर हत्या दो को उम्रकैद

**रायपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र में सात माह पूर्व आपसी रंजिश के चलते हत्या करने के दो आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई पंकज कुमार सिन्हा की स्पेशल कोर्ट एससी, एसटी कोर्ट में हुई। लोक अभियोजक निलेश ठाकुर के मुताबिक कोर्ट ने गिरधारी रात्रे की हत्या के आरोप में हेमलाल साहू तथा प्रमोद यादव को कैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक के मुताबिक चार दिसंबर 2023 को हेमलाल तथा प्रमोद ने गिरधारी की चाकू मारकर हत्या करने के बाद उसकी लाश को एक तालाब में फेंक दिया था। साथ ही साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से चाकू को एक पेड़ के नीचे छिपा दिया। घटना के चार दिन बाद आठ दिसंबर को लाश मिलने पर पुलिस ने मामले की पड़ताल कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो दोनों ने हत्या का अपराध कबूल किया।

### 75 प्रतिशत महिलाओं को महतारी वंदन की चौथी किस्त नहीं मिली

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, महतारी वंदन में 75 प्रतिशत महिलाओं को चौथी किस्त की राशि अभी तक नहीं मिली है। जुलाई में महतारी वंदन की पांचवी किस्त महिलाओं के खाते में आना है, लेकिन जून का पैसा अभी तक अप्राप्त है। लोकसभा चुनाव में वोट लेने के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं को अपात्र बताकर उनका नाम लाभार्थी की सूची से हटाने का सरकार षड़यंत्र कर रही है। उन्होंने पूछा कि तीन किस्त जिनके खाते में गई थी, वे अब चौथी किस्त में अपात्र कैसे हो जाएंगी? यदि अपात्र थीं, तो तीन माह का पैसा क्यों दिया गया? सरकार महतारी वंदन योजना की चौथी किस्त कितनी महिलाओं के खाते में डाली गई, उसे सार्वजनिक करे। उन्होंने कहा, भाजपा की नीयत में खोट आ गया है, आगे सभी महिलाओं के खाते में पैसा आयेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। साय की सरकार ने साबित किया है कि झूठ, लफ़्फ़ाज़ी और वादाखिलाफी ही मोदी की गारंटी है। डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ का केवल शोषण कर रही है। महतारी वंदन के नाम पर प्रदेश के 1 करोड़ 4 लाख महिला मतदाताओं में से अधिसंख्यक महिलाओं का इंतजार अब तक खत्म नहीं हुआ है।

# लोकसभा चुनाव में नामांकन दाखिल से लेकर मतगणना तक 61,10,737 रुपए ही खर्च

## भाजपा महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी ने दिया व्यय-लेखा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



लोकसभा निर्वाचन 2024 क्षेत्र क्र. 9 महासमुंद लोकसभा व्यय प्रेक्षक के समक्ष 30 जून को जिला पंचायत सभागृह में भाजपा प्रत्याशी एवं नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी की ओर से व्यय लेखा का अंतिम मिलान कराया गया।

भारतीय जनता पार्टी की ओर से व्यय लेखा प्रेक्षक नगरीय निकाय प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक एवं पार्षद देवीचंद राठी द्वारा महासमुंद लोकसभा के अंतर्गत पूरे 8 विधानसभा का व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया। निर्वाचन आयोग की ओर से बसना, सरायपाली, खल्लारी एवं महासमुंद विधानसभा के लिए व्यय आब्जर्वर मनीष कुमार दबास, सहायक आब्जर्वर मधुरिमा बंजारे, राजिम, गरियाबंद, धमतरी व कुरूद विधानसभा के लिए व्यय आब्जर्वर राम प्रभु उदय, सहायक आब्जर्वर अभिषेक पाठक के समक्ष व्यय लेखा प्रस्तुत करते हुए पार्षद राठी ने बताया कि नामांकन दाखिल से लेकर मतगणना तक कुल चार चरणों में व्यय का हिसाब दिया गया। अंतिम हिसाब तक कुल खर्च 61,10,737 रुपए आया। उक्त खर्च में धमतरी में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा का खर्च भी शामिल है। सभा में 3 प्रत्याशी के शामिल होने से खर्च 3 भागों में बांटा गया।

व्यय लेखा पत्रक के साथ बैंक एकाउंट स्टेटमेंट, बिल, बाऊचर की प्रतियां भी व्यय प्रेक्षक को जमा की गई। व्यय लेखा मिलान के साथ व्यय पंजी संधारण का बारिकी से निरीक्षक लोकसभा व्यय आब्जर्वर द्वारा किया गया। महासमुंद लोकसभा के अंतर्गत 8 विधानसभा के सभी व्यय अधिकारी उपस्थित थे। राठी ने बताया कि खर्च की अधिकतम सीमा से कम खर्च पर भाजपा की प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी महासमुंद लोकसभा से रिकार्ड मत लगभग 1,45,000 वोट से निर्वाचित हुई है। महासमुंद लोकसभा में अब तक की सबसे बड़ी जीत है। यह जनबल की जीत है। लोकसभा सत्र के कारण सांसद रूपकुमारी चौधरी दिल्ली में है। सांसद ने सफल व्यय लेखा प्रस्तुत करने के लिए दूरभाष से बधाई दी। उन्हें भी संपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया।

## पौधारोपण



**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी की सदस्य एवं ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अपने पंचों एवं ग्रामीणों के साथ धरती माता के नाम पर गांव के हगारिया तालाब में बरगद का पौधा लगाया गया। साथ ही सुरक्षा के लिए विवेकानंद सेवा संस्थान के अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू को निर्देशित किया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती चंद्राकर के साथ पंचगण त्रिवेणी चंद्राकर, मीनू चंद्राकर, सरस्वती साहू, ग्रामीणों में तुकेश साहू, दिनेश साहू उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने प्रोजेक्टर लगाकर सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी की सदस्य एवं ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को सुनाने के लिए विवेकानंद भवन में ग्रामीणों के लिए प्रोजेक्टर की व्यवस्था की थी, ताकि, अधिक से अधिक लोग मोदी की मन की बात कार्यक्रम का लाभ ले सके। श्रीमती चंद्राकर ने इसके लिए बाकायदा एक दिन पहले ही गांव में मुनादी करवाया था। ताकि, मन की बात के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ सभी लोग ले सके।

इस अवसर पर सरपंच श्रीमती चंद्राकर के साथ पंचगण प्रकाश साहू, हेमा साहू, ईशा धीवर के साथ त्रिवेणी चंद्राकर, सावित्री मीनू चंद्राकर, सरस्वती साहू तथा ग्रामीणों मे विवेकानंद सेवा संस्थान के अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, उदेराम साहू, रामसहाय साहू, तेजराम धीवर, तुलसीराम सेन, तुकेश साहू, दिनेश साहू आदि लोग उपस्थित रहे।

## गांड़ा समाज का इतिहास गौरवशाली : द्वारकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

गांड़ा समाज का गौरवशाली इतिहास है। आजादी की लड़ाई से लेकर आज पर्यंत तक इस समाज द्वारा किए गए कार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में जो अतुलनीय योगदान है वह भुलाया नहीं जा सकता। उक्त उद्गार पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारकाधीश यादव ने छत्तीसगढ़ गांड़ा समाज के वार्षिक अधिवेशन व सम्मान समारोह के दौरान व्यक्त किए। बागबाहरा नगर के हृदय स्थल में स्थित मंडी प्रांगण में छत्तीसगढ़ गांड़ा समाज का वार्षिक अधिवेशन व सम्मान समारोह हुआ। इस वार्षिक अधिवेशन के मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने की। विशेष अतिथि की आसंदी पर छग सर्व गांड़ा समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष किरण बघेल, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ पुष्पलता चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष हीरा सेत राम बघेल, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, सहसंयोजक वेद राम नंदे, समाज के कार्यकारी जिला अध्यक्ष मोहन कुलदीप, समाज के सचिव सुरेश क्षेत्रपाल, सलाहकार भागवत जगत बंसीलाल तांडी, सेवाराम क्षेत्रपाल, टोमन कागजी, सुनीता नारायण विप्रे, फुलेश्वरी कमलेश मोगरे, पार्वती मरई, लेखा राम बघेल विराजमान रहे। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के आराध्य देव भगवान शिव की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात अतिथि स्वागत का दौर चला। जिसमें कार्यक्रम में पहुंचे हुए विधायकद्वय तथा अन्य अतिथियों का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। जिसके बाद अतिथियों के करकमलों से समाज के बनने वाले सामाजिक भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ। पश्चात अतिथि उद्बोधन प्रारंभ हुआ। जिसमें विधायक यादव सहित अन्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन के दौरान गांड़ा समाज के गौरवशाली इतिहास तथा राष्ट्र रक्षा के लिए इस समाज द्वारा किए गए बलिदानों पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। अतिथि उद्बोधन के बाद सम्मान समारोह प्रारंभ हुआ। जिसमें उपस्थित अतिथियों के हाथों समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजिक बंधु भगनियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महासमुंद जिले सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पहुंचे हुए छत्तीसगढ़ गांड़ा समाज के पदाधिकारी व सदस्य गण तथा बड़ी संख्या में माताएं बहनें उपस्थित रहे।



**छत्तीसगढ़ में 95 पिछड़ी जातियों में 67 ही केंद्रीय सूची में शामिल :** रायपुर। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा, छत्तीसगढ़ में सूचीबद्ध 95 पिछड़ी जाति में से 67 जातियां केंद्रीय सूची में शामिल हैं। राज्य की अन्य जातियों को भी केंद्रीय सूची में शामिल करने के लिए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को प्रस्ताव भेजें। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर राज्य के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने शनिवार को सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में पिछड़े वर्गों के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। श्री अहीर की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर स्थित नवीन विश्राम गृह में बैठक हुई। इसमें उन्होंने कहा, पिछड़े वर्गों के लिए राज्य सरकार के साथ-साथ केंद्रीय सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का समुचित पालन सुनिश्चित करें। शासकीय संस्थाओं के साथ-साथ निजी संस्थाओं में भी पिछड़े वर्गों के लोगों को आरक्षण के तहत लाभ मिले। राज्य में गठित पिछड़ा वर्ग आयोग की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, इससे संबंधित हितग्राहियों को आय के अन्य स्रोत की व्यवस्थित जानकारी मिल सकेगी।

### कौशिक बोले-11 में 10 सीट हारने पर भी कांग्रेस संतुष्ट

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट अगर छत्तीसगढ़ की 11 में से 10 संसदीय क्षेत्रों में करारी पराजय के बाद भी संतोष व्यक्त कर रहे हैं तो यह साफ समझा जा सकता है कि छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में कांग्रेस अब इसी लायक ही बची है। श्री कौशिक ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार का जिम्मा लेने के लिए कोई तैयार नहीं है और सारे कांग्रेसी हार का ठीकरा फोड़ने के लिए एक-दूसरे का सिर तलाश रहे हैं। चुनाव से पहले से लेकर चुनाव में करारी हार और अब समीक्षा के नाम पर कांग्रेस में जिस तरह के नजारे पेश हो रहे हैं, कांग्रेस और उसके कर्णधारों के लिए इससे बड़ी राजनीतिक शर्म की बात और कुछ नहीं हो सकती। श्री कौशिक ने कहा, 11 में से 10 लोकसभा सीटें हारने के बाद भी कांग्रेस पार्टी संतुष्ट है, कांग्रेस प्रभारी पायलट का बयान इस बात को प्रमाणित करता है कि कांग्रेस एक बहुत बड़ी लूजर पार्टी है और जीत उसका उद्देश्य ही नहीं है। 11 में से 10 सीट हारने के बाद भी कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अगर यह कहें कि हम एकजुटता से लड़े और वोट शेयर भी हमारा बरकरार रहा तो राजनीति में इससे ज्यादा शर्मनाक बयान और कुछ नहीं हो सकता।

## कालोनी में बाहरी लोगों को देख पुलिस भी अचंभे में

# बीएसयूपी कालोनी में पुलिस का छापा मकानों में रहने वाले ज्यादातर दूसरे राज्यों के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आवासहीन तथा झोपड़पट्टी में रहने वाले लोगों के लिए बनाई गई बीएसयूपी कालोनी में शनिवार को तड़के सौ से ज्यादा पुलिस अफसर, कर्मियों की टीम छापे की कार्रवाई करने पहुंची। पुलिस ने मौके पर पाया कि बीएसयूपी कालोनी में जिन लोगों को मकान अलाट हुआ है, वहां वह नहीं रहे रहे हैं, जिनके नाम पर मकान है। उन लोगों ने अपने मकान को किराए पर दे दिया है। बीएसयूपी कालोनी में जो किराए पर रहने वाले हैं, उनमें ज्यादातर लोग दूसरे राज्य के हैं, जिनका रिकार्ड पुलिस के पास भी नहीं है।

- बाहर से आकर रहने वाले लोगों से पुलिस ने जानकारी मांगी

गौरतलब है कि अपराध पर अंकुश लगाने एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर एएसपी पश्चिम डीआर पोर्ते, सीएसपी प्रशिक्षु आईपीएस अमन कुमार झा, सीएसपी राजेश कुमार देवांगन, सात थानों के टीआई के साथ सौ पुलिसकर्मियों की टीम भाठागांव स्थित बीएसयूपी कालोनी में छापा की कार्रवाई करने पहुंची। मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों की टीम ने पुराने हिस्ट्रीशीटर बदमाशों के साथ अपराध में संलिप्त बदमाशों को अपराध से दूर रहने की समझाइश दी। साथ ही बदमाशों को जरूरत पड़ने पर थाना बुलाने पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए कहा। छापे की कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्रवाई की है।

### ज्यादातर लोग सत्यापित नहीं

छापे की कार्रवाई करने पहुंची पुलिस ने कालोनी में रहने वाले लोगों से उनके बारे में जानकारी मांगी, तो उनमें से 80 फीसदी लोगों का सत्यापन नहीं हुआ था। इसके बाद पुलिस ने ऐसे लोगों को किराएदार फार्म देकर अपना सत्यापन कराने के लिए कहा है। साथ ही जो बाहर से आकर रहने वाले हैं, उनसे उनके राज्य की पुलिस वैरिफिकेशन रिपोर्ट देने के लिए कहा है।



### ज्यादातर ऑटो चालक, लेबर का काम करने वाले

बीएसयूपी कालोनी में किराए में रहने वाले ज्यादातर लोग ऑटो चलाने के साथ मजदूरी का काम करते हैं। पुलिस को आशंका है कि बीएसयूपी कालोनी में ऐसे लोग भी निवास कर रहे हैं, जिनका पुलिस वेरिफिकेशन नहीं हुआ है। उनमें अपराधी प्रवृत्ति के लोग भी शामिल हैं। पुलिस अफसरों के पास पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट आने के बाद संदिग्ध तथा अपराधिक प्रवृत्ति में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज की जाएगी।

### जांच करने नहीं पहुंचते निगम अफसर

गौरतलब है कि बीएसयूपी तथा ईओडब्लूएस मकान जिन लोगों के नाम पर अलॉट रहता है, वह व्यक्ति अपने नाम के मकान को किसी दूसरे को किराए पर नहीं दे सकता। इसकी निगरानी करने की जिम्मेदारी नगर निगम के साथ संबंधित जोन के अफसरों की है। निगम तथा जोन के अफसरों ने इन मकानों की निगरानी करने अब तक कोई व्यवस्था नहीं की है, जिसकी वजह से बीएसयूपी तथा ईओडब्लूएस मकान के मालिकों ने अपने मकान को किराए पर दे दिए हैं। इसका फायदा अपराधी तत्व के लोग भी उठाते हैं और अपने राज्य में अपराध करने के बाद छिपने के लिए बीएसयूपी मकान किराए पर लेकर रहते हैं तथा आजीविका के लिए यहां रहकर छोटे-मोटे काम करने के साथ अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं।

## राज्य में 1 से 3 जुलाई तक नहीं मिलेगा राशन, दुकानें भी बंद रहेंगी

### डाटाबेस शिफ्टिंग का चलेगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जुलाई के प्रथम सप्ताह में तीन दिन उचित मूल्य की राशन दुकानों में कार्ड धारकों को खाद्यान्न नहीं मिलेगा। 1 से 3 जुलाई तक विभागीय डाटाबेस को नवीन क्लाउड सर्वर पर स्थानांतरित करने का काम चलेगा। इसके कारण तीन दिन तक राज्यभर की राशन दुकानों भी बंद रखी जाएंगी, ताकि खुली दुकानों में राशन नहीं दिए जाने को लेकर कार्ड धारकों व दुकानदारों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित न हो।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संरक्षण विभाग के अपर सचिव ने इस संबंध में 28 जून को आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत राज्य के सभी कलेक्टरों को विभागीय डाटाबेस को नवीन क्लाउड सर्वर पर स्थानांतरित किए जाने की जानकारी दी गई है। वर्तमान में खाद्यान्न पोर्टल को छोड़कर सभी विभागीय ऑनलाइन कार्यवाही राज्य डाटा सेंटर में स्थित विभागीय सर्वर के माध्यम से किया जा रहा है। एसडीसी सर्वर में लगातार आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए नवीन क्लाउड सर्वर एनआईसी के माध्यम से किराए पर लिया गया है। इसमें विभागीय डाटाबेस को स्थानांतरित किया जाएगा। इसके कारण एसडीसी स्थित विभागीय सर्वर 3 दिन बाधित रहेगा।

### महिला शिवसेना ने बेजा कब्जा और गंदगी पर जताया विरोध

**रायपुर।** आदर्श नगर क्षेत्र में अटल आवास के गार्डन एरिया में बेजा कब्जे और गंदगी की समस्या को लेकर महिला शिवसेना की एक टीम ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला शिवसेना के सदस्य और स्थानीय निवासी शामिल हुए और सभी ने एक स्वर में इस मुद्दे के समाधान की मांग की। महिला शिवसेना की प्रमुख ज्योति सिंह ने बताया कि गार्डन एरिया में कुछ स्थानीय लोगों द्वारा अवैध रूप से टपरा-टपरी बनाई जा रही है, जिससे बच्चों के खेलने का स्थान अवरुद्ध हो रहा है और गंदगी फैल रही है। उन्होंने कहा कि गार्डन एरिया का यह अवैध कब्जा न केवल स्थान की सुंदरता को नष्ट कर रहा है, बल्कि इससे आसपास के निवासियों को भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही हैं। उन्होंने नगर निगम से मांग की है कि अविलंब इस मामले को संज्ञान में लिया जाए और अवैध कब्जों को हटाया जाए। महिला शिवसेना ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वे इस मामले को लेकर और भी बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

# स्टेशन से कनेक्टिविटी बढ़ाने रेलवे से मिली हरी झंडी, सर्वे के बाद शुरू होगा 32 करोड़ का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

टाटीबंध, हीरापुर की रेलवे स्टेशन से कनेक्टिविटी बढ़ाने और गुढ़ियारी क्षेत्र की घनी बसाहट को ट्रैफिक जाम से बचाने के लिए बरसात के बाद सड़क चौड़ीकरण और फ्लाईओवर बनाने का काम शुरू होने वाला है। इसके लिए रेलवे से ग्रीन सिग्नल भी मिल चुका है। अब निर्माण में प्रभावित होने वाले लोगों से सहमति बनाने के बाद एजेंसी से 32 करोड़ के प्रोजेक्ट को शुरू करवाने की तैयारी है। पश्चिम क्षेत्र के विधायक द्वारा बनवाए गए प्रोजेक्ट के लिए सरकार ने बजट में भी प्रावधान किया है।

## गुढ़ियारी के लोगों को ट्रैफिक दबाव से मिलेगी राहत, बरसात के बाद शुरू होगा निर्माण

### प्लेटफार्म तक पहुंच आसान

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5 पर उतरने वाले एक्सप्रेस-वे की कनेक्टिविटी सीधे भारत माता चौक गुढ़ियारी तक करने की तैयारी लोक निर्माण विभाग ने शुरू की है। प्रोजेक्ट पर काम होने से कई रूटों की कनेक्टिविटी अब बढ़ेगी। गुढ़ियारी के शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली सड़क पर भी काम शुरू होगा। एक्सप्रेस- वे को कनेक्ट करने से टाटीबंध से आने वाले लोगों को भी शहर की भीड़ से राहत मिलेगी। वे सीधे शदाणी दरबार तक आसानी से सफर कर सकेंगे। इसका सबसे ज्यादा फायदा व्यापारियों को होगा।




### रेलवे से सहमति, अब प्रभावितों से चर्चा

भारत माता चौक से रेलवे स्टेशन को कनेक्ट करने के लिए बनाया गया प्रोजेक्ट बरसात के बाद शुरू होगा। इससे पहले रेलवे प्रबंधन से काम के लिए सहमित मिल चुकी है। अब प्रभावितों से सहमति बनाने के लिए चर्चा की जाएगी।

*- राजेश मूणत, विधायक, पश्चिम विधानसभा, रायपुर*

### नहीं तय करना पड़ेगा 5 किमी

पहाड़ी चौक से रेलवे स्टेशन तक आने-जाने वालों के लिए दो किलोमीटर की बायपास सड़क 15 करोड़ रुपए में बनेगी। इस सड़क की चौड़ाई 10 मीटर होगी। इस निर्माण से प्रभावित होने वाले लोगों को मुआवजा देने का प्रावधान भी किया जाएगा। शासन ने गुढ़ियारी के लोगों की कनेक्टिविटी फाफाडीह तक बढ़ाने के लिए ढाई किलोमीटर लंबी बायपास सड़क बनाने की तैयारी में है। इससे लोगों को रोज 5 किलोमीटर अतिरिक्त रास्ता तय नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए ढाई किमी लंबा गुढ़ियारी अंडरब्रिज को कनेक्ट करने पर 17 करोड़ खर्च होगा।

शहर की सड़कों का समय-समय पर चौड़ीकरण हो रहा है, वहीं गुढ़ियारी की बसाहट के बीच ट्रैफिक जाम से रोज हजारों लोगों को दिक्कतों सामना करना पड़ रहा है। इससे लोगों को राहत देने और इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी की बेहतरी के लिए अभी काम नहीं हुआ है। इसका खामियाजा रोज तीन लाख से ज्यादा लोगों को भुगतना पड़ता है। इसमें टाटीबंध से गुढ़ियारी होते हुए रेलवे स्टेशन आने वाले यात्री भी शामिल हैं। इसे देखते हुए रुट डायवर्ट करने के लिए सरकार के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदारों ने सर्वे और प्रोजेक्ट को शुरु करने के लिए प्रक्रिया शुरु की है। सूत्रों ने बताया कि फ्लाईओवर नुमा सड़क बनाने के लिए जमीन का सर्वे करने के साथ ही प्रभावित होने वाले लोगों का भी चिन्हांकन किया गया है।

# अघरिया समाज के वार्षिक सम्मेलन, प्रतिभा सम्मान एवं कॅरियर मार्गदर्शन शिविर में शामिल हुई चातुरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

अखिल भारतीय अघरिया समाज के वार्षिक सम्मेलन, प्रतिभा सम्मान एवं कॅरियर मार्गदर्शन शिविर में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अघरिया समाज के आराध्य देव भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि अघरिया समाज एक मेहनतकश समाज है। समाज आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। समाज के लोगों का स्नेह और दुलार मुझे सदैव मिला है।

उन्होंने आत्मीय स्वागत के लिए अघरिया समाज का आभार जताया। विधायक नंद ने अघरिया समाज के भवन



निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की बड़ी घोषणा भी की।

कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल अखिल भारतीय अघरिया समाज के केंद्रीय अध्यक्ष भुनेश्वर पटेल, उपाध्यक्ष गेसमोती पटेल, कोषाध्यक्ष द्वारिका पटेल, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, दीनदयाल पटेल, लक्ष्मण पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, प्रेमशीला नायक, खेमराज पटेल, नेहरू पटेल, दुष्यंत पटेल, गोपाल नायक, विश्वनाथ नायक, अमृत पटेल और तोश कुमार पटेल ने भी संबोधित किया।



कार्यक्रम में कमल पटेल, भेष कुमार पटेल, डंकाधर चौधरी, रघु राम पटेल, कन्हैया पटेल, गंगा मनोज पटेल, सरपंच हेमंत कुमारी पटेल, ओमप्रकाश पटेल, गोपाल पटेल, तोष कुमार पटेल, विजय पटेल, सुशील नायक, कुमार सिंह चौधरी, रविलाल पटेल, श्रवण पटेल, लीला कांत पटेल, पद्मलोचन पटेल, उग्रसेन पटेल, सुशीला नायक, राधिका नायक, हीरा चौधरी, निर्मला पटेल, डिग्री नायक, युधिष्ठिर चौधरी समेत अघरिया समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अघरिया समाज का शानदार निर्णय

कार्यक्रम में अघरिया समाज द्वारा प्री वेडिंग बंद करने, मांसाहार त्यागने और 8 बजे के पहले बाराती आगमन का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उपरोक्त प्रस्ताव पर अपनी सहमति देते हुए निर्णय को स्वागतयोग्य बताया।

### मेघावी छात्रों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में मेघावी छात्रों को सम्मानित कर उनका हौसला अफजाई किया गया। कार्यक्रम में माधुरी पटेल, गायत्री पटेल, देवकी चौधरी, गीतेश पटेल, धर्मेंद्र चौधरी, सौरभ चौधरी, दिव्या पटेल, यामिनी चौधरी, बृजेश कुमार चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, चंचला चौधरी, आंचल पटेल समेत उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया।

## खबर संक्षेप



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**सरायपाली।** नगर पालिका अंतर्गत तीनों शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं एवम नगरवासियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुनी। बाद एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम अंतर्गत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्तर सिंह नायक, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा, गुंजन अग्रवाल, बंशी चंद्रा, जेपी यादव, भूपेश सलूजा, प्रमोद सागर, खीरचंद बारी, तिलक साहू, सुधीर सामंतराय, डॉ आशीष दास, राजा बग्गा, अख्तर, किरण बेहरा, विदित धनानिया, बाबा सेन, सिमरान सलूजा, मनोज आदित्य, मुकेश आदित्य, मनोहर सराफ, नकुल चौहान, राकेश महापात्र, देवराज चौहान, घासी चौहान, डमरू चौहान आदि मौजूद रहे।

### सीएस को उपाध्यक्ष नीति आयोग का अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने मुख्य सचिव अमिताभ जैन को एक और बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। राज्य शासन द्वारा श्री जैन को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ उपाध्यक्ष राज्य नीति आयोग छत्तीसगढ़ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इस आशय का आदेश सामान्य प्रशासन विभाग से जारी कर दिया गया है।

### वाहन पार्क करने के विवाद में मारपीट

**रायपुर।** खम्हारडीह थाना में एक बुजुर्ग ने बाप-बेटे के खिलाफ वाहन पार्क करने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक गायत्री नगर निवासी बालचंद प्रजापति ने सीताराम प्रजापति तथा उसके बेटे नीरज के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। बालचंद ने पुलिस को बताया कि सीताराम तथा उसके बेटे ने दुकान के सामने दोपहिया पार्क करने के नाम पर विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की है।

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक ई-रिक्शा के चालक ने एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ शराब पीने पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक सुरेंद्र निषाद ने वासु निषाद के खिलाफ चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुरेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह अपने ई-रिक्शा से घर जा रहा था, दावड़ा कॉलोनी के पास वासु ने उसका रास्ता रोक शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। इनकार करने पर वासु ने सुरेंद्र की पीठ पर चाकू से हमला कर दिया।

### बच्चों में आध्यात्मिक शिक्षा जरूरी : संत भोलाराम

**रायपुर।** शैलेंद्र नगर स्थित प्रेमप्रकाश आश्रम में आचार्य गुरु स्वामी टेंऊंराम के 138वें जन्मोत्सव के अवसर पर बालिका मंडली और प्रेमप्रकाश युवा मंडल द्वारा टेंऊंराम चालीसा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में रविवार को कानपुर से पधारे संत भोलाराम शामिल हुए। कार्यक्रम में बालिका मंडली द्वारा पेश किए गए नाट्य संग नृत्य के प्रस्तुतिकरण ने संत भोलाराम का मन मोह लिया। इसी दौरान उन्होंने अपने सत्संग में उनकी सराहना करते हुए बताया कि बच्चों में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कारिक शिक्षा और आध्यात्मिक शिक्षा भी जरूरी है। अपने गुरु के वचनों को याद दिलाते हुए कहा कि इस संसार में रह रहे प्रत्येक प्राणी में मनुष्य में जीव-जंतु मैं और सब में जो निरंतर श्वास लेते रहते हैं, उन सब में परमपिता परमात्मा का अविनाशी अंश आत्मा रूपी निवास कर रहा है, हम मनुष्यों को सबके लिए अपने दिल में दया का भाव रखना चाहिए, सारे जीवात्माओं के अंदर उस परमात्मा का अंश समझकर किसी के लिए भी अपने मन में द्वेष या बैर की भावना नहीं रखनी चाहिए। यह कार्यक्रम 1 जून से प्रारंभ होकर 11 जुलाई तक पूरे 40 दिन तक चलता रहेगा।

# मोदी राज में आधी अधूरी तैयारी से 1 जुलाई से नए कानून लागू हो रहे, इसे जानना और समझना हर नागरिक का अधिकार : अंकित

## जो पीएमएलए और यूएपीए से नहीं फंस रहे थे, उन्हें घेरने लाया गया है यह कानून

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार गलत जीएसटी कानून, गलत नोटबंदी, गलत कोरोना समेत ट्रेन बंदी और तीन काले कृषि कानून लागू करने के बाद पूरे देश को विश्वास में लिए बिना व बार काउंसिल ऑफ इंडिया को विश्वास में लिए बिना आनन फानन में 1 जुलाई 2024 से पूरे देश में सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू करने जा रही है।

इसका सबसे बड़ा मजाक ये है कि हिट एंड रन मामले में आईपीसी की धारा 304 ए की जगह लाई गई धारा 106 को भारी विरोध के चलते स्थगित कर दिया गया है। अब 1 जुलाई से आईपीसी खत्म हो जाएगी तो हिट एंड रन मामले में पुलिस किस धारा के तहत अपराध दर्ज करेगी। सुप्रीम कोर्ट के वकील इंदिरा जयसिंह कहती हैं कि नए कानूनों को लोगों के खिलाफ और औपनिवेशिक काल के पहले के कानूनों की तुलना में अधिक कठोर कर दिया गया है, जिसका फायदा सीधे पुलिस को और अधिक अधिकार देता है, जैसे पहले आईपीसी की धारा में पुलिस 15 दिन की ही अधिकतम पुलिस रिमांड ले सकती थी, पर अब वो जांच व पूछताछ के नाम पर टुकड़ों में 60 से 90 दिन की रिमांड ले सकती है।

इन कानूनों को पिछली मोदी सरकार ने उस समय पास किया जब विपक्ष के कई सांसद निलंबित थे, इन कानूनों पर पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक जैसे राज्यों ने कई बिंदुओं पर आपत्ति की है, जो संविधान की परिभाषा के विपरीत हैं। नए कानून 3 से 7 साल की सजा वाले मामलों में भी एफआईआर से पहले 15 दिन की जांच का अधिकार देते हैं। यानी किसी का सिर फट गया है, खून बह रहा है और पुलिस एफआईआर लिखने 15 दिन का समय लगा सकती है। एक बड़ी बात ये है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा था कि औपनिवेशिक राज के समय के कानून राजद्रोह की धारा 124 ए के दुरुपयोग को देखते हुए इस पर रोक लगाई और मोदी की केंद्र सरकार ने भी इस पर सहमति जताई थी, पर इसका तोड़ निकालते हुए भारतीय न्याय संहिता में देशद्रोह की धारा 150 लाई गई, जिसकी परिभाषा देश या राज्य की संप्रभुता, एकता, अखंडता को खतरे में डालने वाला कर्म जो कोई प्रयोजनपूर्वक या जानबूझकर बोले गए या लिखे गए शब्दों द्वारा या संकेतों द्वारा या दृष्यरूपण या इलेक्ट्रॉनिक संसूचनस्वरा या अन्य साधन के प्रयोग द्वारा या अलगाव या सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक क्रियाकलापों को प्रदीप्त करता है या प्रदीप्त करने का प्रयास करता है या अलगाववादी क्रियाकलापों की भावना को बढ़ावा देता है या भारत की संप्रभुता या एकता और अखंडता को खतरे में डालता है



या ऐसे अपराध में सम्मिलित होता है या कारित रहता है, वह आजीवन कारावास से या ऐसे कारावास से जो सात वर्ष ताज हो सकेगा एवं दंडनीय होगा और जुर्माना भी कारित किया जा सकेगा। तीन वर्ष तक कारावास जिसमें जुर्माना भी जोड़ा जा सकेगा या जुर्माने से दंडित किया जाएगा। ये परिभाषा किसी भी व्यक्ति के ऊपर भी हिंसा की घटना में होने या ना होने या उसकी संभावना तक में किसी के ऊपर भी लागू हो सकती है। पहले स्थानीय पुलिस से इतर यूएपीए लगाने की स्थिति में उसका जांच अधिकारी लोकल पुलिस से ज्यादा बड़े रैंक का होता था और किसी के ऊपर इस प्रकार की धारा लगाने से पूर्व शासन स्तर से अथवा राज्यपाल से अनुमति लेनी पड़ती थी। अब नए कानून में उसे भी समाप्त किया जा रहा है। अर्थात स्थानीय पुलिस किसी के भी ऊपर देशद्रोह का मामला स्वयं बना सकेगी।

सुप्रीम कोर्ट के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि इन कानूनों में भारतीयता जैसी कोई चीज नहीं है। ऐसा माना जा रहा है कि अंग्रेजी हुकूमत के समय के समान इन कानूनों से स्थानीय राज्य सरकार के अंदर आने वाली पुलिस को जरूरत से ज्यादा अधिकार संपन्न बनाया जा रहा है। ताकि, राजनीतिक और सवाल पूछने वाले विचारकों को आसानी से निपटाया जा सके। अंकित ने कहा कि इन कानूनों को पूर्ण रूप से लागू करने से पहले इनकी व्यवहारिकता का परीक्षण आवश्यक है और आपको जानकर आश्चर्य होगा कि कानून को देश में 1 जुलाई से लागू कर दिया जाएगा। परंतु, इसके गुण दोष की विस्तृत चर्चा के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने 6 जुलाई को नई दिल्ली में पूरे देश के पदाधिकारियों को बार काउंसिल के खर्च में आमंत्रित किया गया है यानी वर्तमान सरकार ने बिना बार से सलाह लिए इन कानूनों को थोप दिया। अंत में ये कहा जा सकता है कि वर्तमान केंद्र की सरकार ने आईपीसी और सीआरपीसी का सिर्फ नाम ही नहीं बदला है, वरन नए कानूनों के नाम पर अपने विरोधियों को निपटाने स्वयं शासित राज्यों की पुलिस को और मजबूत किया जा रहा है। जिसके आगे चल के दुष्परिणाम दिखेंगे और सच की आवाज को और दबाया जाएगा, ऐसा कई सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख वकीलों, रिपोर्टरों की बातों को सुनकर पढ़कर लगता है।

# अब टंकी के साथ पेयजल आपूर्ति के लिए बोर की भी सुविधा, नहीं होगी पानी की समस्या : राशि



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शहर के विभिन्न वार्डो में वार्डवासियों की मांग पर बेहतर पेयजल आपूर्ति के लिए पालिका की ओर से बोर खनन कराया जा रहा है। शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने शहर के वार्ड 7 और 11 में बोर खनन के लिए भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष महिलांग ने कहा कि शहर के नागरिकों को पेयजल को लेकर किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े इसके लिए वे हमेशा प्रयास करती है। पेयजल के लिए शहर में जगह-जगह बोर कर पेयजल आपूर्ति को सुगम बनाने का प्रयास जारी है। नपाध्यक्ष ने कहा कि ग्रीष्मकाल में शहर की विधुत आपूर्ति बाधित होने के बाद भी उन्होंने शहरवासियों को टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति करने का प्रयास कर नागरिकों को राहत पहुंचाने का कार्य किया। अब वार्ड में बोर होने से नागरिकों को पहले की अपेक्षा और बेहतर तरीके से पेयजल की आपूर्ति होगी। इस दौरान उनके साथ वार्ड पार्षद व सभापति बबलू हरपाल, पार्षद मीना वर्मा, पार्षद हाफ़ज़ि कुरैशी, पार्षद जगत महानंद, पार्षद रिंकू चंद्राकर, पूर्व पार्षद कपिल साहू के साथ समस्त वार्डवासी मौजूद रहे।

## खल्लारी मंदिर का वेबसाइट लांच



**महासमुंद।** खल्लारी माता मंदिर का वेबसाइट लॉन्च ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद त्रिवेदी द्वारा किया गया। जिसमें मंदिर के कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्राकर, सचिव तोषराम साहू, सेवादार सोनू चंद्राकर, सुलभ दीप सिंह जयसवाल समेत ट्रस्ट के सभी कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे। इस वेबसाइट में मंदिर के बारे में संपूर्ण जानकारी मिलेगी। ऑनलाइन दान, मनोकामना ज्योति भी बुक करा सकते हैं।

# मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे महासमुंद पालिका के अनेक वार्ड : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- पालिका क्षेत्र के समुचित विकास के लिए नपा में भाजपा का अध्यक्ष होना जरूरी, भाजपा के सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर कर रहे कार्य

नगर पालिका के समस्त वार्डों में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को लेकर भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि नगर के वार्डों में नालियों की सफाई नहीं होने से पहली बारिश में ही पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई है। नपा प्रशासन शहर विकास में खरा नहीं उतर पा रहा है।

शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। कहीं पीने के पानी का संकट है, तो कहीं जल भराव की समस्या है। पालिका की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था भी ठप हो गई है। इसके चलते पुनः टैंकर युग की वापसी हो गई है। अधिकांश वार्डों में कूड़ेदान नहीं होने से कचरा रास्तों पर बिखरा पड़ा है। जल निकासी का समुचित प्रबंध न होने से नालियों में भरा गंदा पानी और उस पर मंडराते मच्छर संक्रामक रोगों को न्यौता दे रहे हैं। शहर के कई वार्ड में रात में अंधेरा छाया रहता है। चंद्राकर ने कहा कि



पालिका द्वारा शहर के कचहरी चौक तथा बस स्टैंड में लगाया गया वाटर एटीएम खराब पड़ा है। इन वाटर एटीएम के सुधार के लिए पालिका रूचि नहीं ले रही है। हर बार बजट में नए बस स्टैंड का प्रस्ताव लाने के बाद भी अभी तक बस स्टैंड के लिए स्थान का चयन नहीं किया जाना पालिका प्रशासन की उदसीनता को दर्शाता है। पालिका द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगाए गए ओपन जिम सामग्री कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं। चंद्राकर ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के विकास के लिए नपा में भाजपा का अध्यक्ष होना आवश्यक है। आगामी पालिका चुनाव में अध्यक्ष के लिए प्रत्यक्ष चुनाव होने हैं। इसके लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर कार्य कर रहे हैं। इसका परिचय आज भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात के 111वें प्रसारण सुनने उपस्थित होकर दिया। मन की बात सुनने शहर के हर बूथ में कार्यकर्ताओं की बढ़-चढ़कर उपस्थिति रही।










## खबर संक्षेप



### ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है भाजपाः भूपेंद्र

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी ने अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा पुनः गिरफ्तारी के विरोध में भाजपा कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन की घोषणा की थी। पार्टी ने भाजपा कार्यालय के पास जिला प्रशासन से अनुमति मांगी गई थी, लेकिन प्रशासन ने इसकी अनुमति नही दी। बावजूद इसके आप के नेता बूढ़ापारा धरना स्थल से इस विरोध प्रदर्शन करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। जिसमें महासमुंद जिले के सैकड़ों आप कार्यकर्ता रायपुर में प्रदर्शन में शामिल हुए। विरोध प्रदर्शन में भूपेंद्र चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, शकील खान, नीलम ध्रुव, श्रवण यादव, कादिर चौहान, चमन यादव, इमरान खान, मेघा चंद्राकर,मधु यादव, सेवाराम साहू आदि शामिल रहे।

### सरकार बदलने के साथ लगातार तीसरी बार नियम विरुद्ध परिसीमन

**महासमुंद।** पूर्व पार्षद पंकज साहू ने कहा कि नगर पालिका



अधिनियम 1961 की धारा 29 तथा नगर पालिका (वार्डों का विस्तार) नियम 1994 के नियम 6 के तहत वार्डो के सीमा निर्धारण संबंधी नियम है। जिसमें प्रत्येक 10 वर्षो में नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत 3 से 5 किमी के दायरे में पड़ने वाले ग्राम क्षेत्र को नगर पालिका क्षेत्र में जोड़ने के लिए परिसीमन किया जाना है।

### स्वरोजगार से स्वालंबन तक कार्याशाला हुई

**महासमुंद।** आस्था वूमैन सोशल संस्था द्वारा एक दिवसीय महिला सशक्तिकरण अंतर्गत स्वरोजगार से स्वालंबन तक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता इस्माइल खान ने महिलाओं को स्वरोजगार से किस तरह स्वालंबन की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं तथा शासन के सहयोग और संगठन के माध्यम से सशक्त हो सकते हैं उसे अवगत कराया। संस्था अध्यक्ष विपिन मोहंती द्वारा महिलाओं के प्रशिक्षण पश्चात मार्केटिंग की व्यवस्थाओं से अवगत कराया गया। समाजसेवी तारिणी चंद्राकर द्वारा महिलाओं को विभिन्न प्रशिक्षण से अवगत कराते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया व संगठित होकर कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा गिरी गोस्वामी व आभार निरंजना चंद्राकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उत्तरा विदानी, सरिता साहू, सबिता मोहती, आरती मोहंती, शबनम धनवानी, अदिति चंद्राकर व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## निधन

### मैकूलाल पटेल

**नर्रा।** ग्राम नर्रा निवासी मैकूलाल पटेल (89) का 30 जून रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि कार्यक्रम में समाज के लोग बड़ी संख्या मे शामिल हुए। वे मांगीलाल पटेल के पिता एवं मनोज पटेल व मोहनीश पटेल के दादा थे।



# विधायक ने किया एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण अभियान का आगाज

**महासमुंद।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि सभी नागरिक एक पेड़ मां के नाम में सहभागिता निभाएंगे और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देंगे तो धरती में हरियाली के साथ ही हम सब के जीवन में खुशहाली आएगी। मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बाद विधायक सिन्हा ने पौधरोपण कर इस अभियान का आगाज किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब चार महीने के अंतराल के बाद आज एकबार फिर से मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। यह इस कार्यक्रम का 111वां संस्करण था। वहीं लोकसभा चुनाव में तीसरी बार जीत हासिल करने के बाद प्रधानमंत्री ने पहली बार मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने महासमुंद विधानसभा के बूथ क्रमांक 193 बीटीआई शक्ति केंद्र में वरिष्ठ नेतागण, कार्यकर्ताओं व नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण अभियान का अपने विधानसभा क्षेत्र में शुभारंभ किया। साथ ही विधायक सिन्हा ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि आप भी इस अभियान का हिस्सा बनें और पेड़ लगाएं। इससे हमारा पर्यावरण स्वच्छ और सुंदर बना रहेगा। आज हम पेड़ लगाएंगे तो उसका लाभ वर्तमान के साथ-साथ भविष्य में भी मिलेगा।



### आज का इतिहास किया साझा

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार अपनी मन की बात देश की जनता के समक्ष कर रहे हैं। उन्होंने आज के दिन 30 जून का इतिहास साझा किया, कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दिन को हमारे आदिवासी भाई-बहन हूल दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिन वीर सिद्धो-कान्हू के अदम्य साहस से जुड़ा है। वीर सिद्धो-कान्हू ने हजारों संथाली साथियों को एकजुट करके अंग्रेजों का मुकाबला किया था। उन्होंने एक खास तरह के छातों के बारे में बात करते हुए कहा कि यह छाते हमारे केरल में तैयार होते हैं, जिसे 'कार्थुम्बी छाते' कहते हैं और इन्हें केरल के अट्टापडी में तैयार किया जाता है। साथ ही उन्होंने हाल ही में मनाए गए योग दिवस के महत्व को लेकर बात की, पेरिस ओलंपिक को लेकर चल रही तैयारियों पर बात की। भारतीय ओलंपिक दल को शुभकामनाएं भी प्रेषित की। इसके अलावा उन्होंने देशवासियों को एक खास कॉफी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अराकु कॉफी आंध्रप्रदेश के अल्लुरी सीता राम राजू जिले में बड़ी मात्रा में पैदा होती है। वहीं उन्होंने बताया कि कुवैत सरकार ने अपने नेशनल रेडियो पर एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है, जो हिंदी में है। कुवैत रेडियो पर हर रविवार को इसका प्रसारण आधे घंटे के लिए किया जाता है। इसमें भारतीय संस्कृति के अलग-अलग रंग शामिल होते हैं।

### इनकी रही सक्रिय भागीदारी

महासमुंद विधानसभा के बूथ क्रमांक 193 बीटीआई शक्ति केंद्र में आयोजित मन की बात कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के साथ भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, मंगेश टांकसाले, प्रकाश शर्मा, पार्षद मनीष शर्मा, महेंद्र जैन, सुनीता देवांगन, विनोद रात्रे, नंदू जलक्षत्री, गोपी कन्नौजे सहित गणमान्य नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## भेंट: यादव महासभा की टीम ने की पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष से मुलाकात

# सेंट्रल की नौकरियों में यादव बच्चों को नहीं मिल रहा है आरक्षण का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- यादव बच्चों की मूल जाति में रावत शब्द उल्लेख, नहीं बन रहा जाति प्रमाण पत्र

अखिल भारतीय यादव महासभा की टीम प्रदेश उपाध्यक्ष रामआसरे यादव एवं जिला अध्यक्ष विनोद यादव के नेतृत्व में नया रायपुर में हंसराज गंगाराम अहीर अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से मुलाकात कर चर्चा किए। चर्चा में मुख्य रुप से यादव समाज के बच्चे जो सेंट्रल की नौकरियों में जाना चाहते हैं उनको ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है इसलिए यादव समाज के सैकड़ों बच्चे नौकरी से वंचित हो जा रहे हैं। हंसराज अहीर को कारण समझाते हुए समाज के प्रमुखों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में जिन यादव बच्चों की मूल जाति में रावत शब्द उल्लेख है। इस प्रदेश के अंदर तो उनको पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का लाभ मिल जा रहा है। किंतु, सेंट्रल की नौकरियों में मूल




जाति में रावत लिखे हुए बच्चों का पिछड़ा वर्ग का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है, जिससे कि समाज के सैकड़ों बच्चों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

साथ ही उनको ईडब्ल्यूएस के तहत प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण सामान्य वर्ग में भी उनका उल्लेख नहीं हो पा रहा है और छत्तीसगढ़ राज्य के साथ-साथ देश के सभी राज्यों में पिछड़ा वर्ग को जनसंख्या के आधार पर आरक्षण मिले, इस प्रकार की नीति आवश्यक रूप से बने। इन सभी विषयों को लेकर हंसराज अहीर से विस्तार पूर्वक लंबी चर्चा हुई। जिसमें अहीर ने समाज को भरोसा दिलाया कि बहुत जल्द सुधार किया जाएगा। साथ ही समाज के सभी लोगों ने अहीर से निवेदन किया कि भाजपा से एकमात्र विधायक गजेंद्र यादव निर्वाचित हुए हैं, 32 लाख यादव परिवार के चेहरे के रूप में उनका मंत्रिमंडल में किसी भी रूप में शामिल किया जाए इस बात के लिए निवेदन किया गया। हंसराज अहीर ने भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक में इस बात में जरूर चर्चा होगी। छत्तीसगढ़ के यादव समाज के जन भावनाओं के अनुरूप मेरे तरफ से पूरा प्रयास रहेगा। भेंट कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय यादव महासभा बागबाहरा के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष यादव, सरायपाली ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार यादव, बसान के ब्लॉक अध्यक्ष छालो यादव, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष शरद कुमार हंसराज के साथ जीवन यादव, सतीश यादव, मोतीराम यादव, बसना से हेमसागर बागर्ती, किशोर यादव, चंद्रहास बाक, भुवनेश्वर मलिक, बागबाहरा से राहुल यादव, दीपू यादव, राजू यादव एवं मालखरोरा सक्ति जिले से प्रवीण यादव विशेष रूप से मौजूद रहे।

# कोचर्रा में कुंभकार चक्रधारी समाज की केंद्रीय बैठक में अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

कुंभकार समाज का नवनियुक्त पदाधिकारी केंद्रीय बैठक कोचर्रा चंडी में हुई। जिसमें समाज के केंद्रीय अध्यक्ष बृजलाल राणा सहित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक की शुरूआत चक्रधर भागवान विष्णु की पूजन अर्चन कर की गई। पश्चात सामाजिक पदाधिकारियों का स्वागत गुलाकर किया। इसके बाद केंद्रीय सचिव ने आय, व्यय की ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस दौरान सभी नवनियुक्त सर्कल व केंद्रीय पदाधिकारी को कार्यभार भी सौंपा गया। सभी पदाधिकारियों ने पांच साल समाज सेवा करने का संकल्प लिए। इस दौरान सामजिक प्रकरण का निपटारा समाजिक निमावली के तहत किया गया।

इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष बृजलाल राणा, उपाध्यक्ष, मोरतध्वज चक्रधारी, पवन चक्रधारी, केंद्रीय सचिव जेठू राम, ओमप्रकाश चक्रधारी, सेतराम चक्रधारी, प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चक्रधारी, लखन चक्रधारी, नेतराम, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष घनश्याम चक्रधारी, उपाध्यक्ष रंजीत चक्रधारी, नारीशक्ति के रूप मे लासिता चक्रधारी, खुशबू चक्रधारी, सर्कल पदाधिकारी में दयाराम, कमल चक्रधारी, लुभेश्वर पांडे, भरत चक्रधारी, चितरंजन, कार्तिक, कृष्णा राणा, तेज राम, संरक्षक नैन सिंह चक्रधारी, कार्तिक चक्रधारी के अलावा स्वाजाति बंधु उपस्थित रहे।

# आगामी चुनाव में अच्छी रणनीति के साथ काम कर बेहतर परिणाम लाएं : योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर हुई भाजपाइयों की बैठक

महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी व रणनीति के संबंध में जिला भाजपा कार्यालय में बैठक ली। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेतागण, पार्षदगण व कार्यकर्तागण उपस्थित रहें। उन्होंने बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आगामी चुनाव में अच्छी रणनीति के साथ काम कर बेहतर परिणाम प्राप्त करने की बात कही।






उन्होंने कहा कि बीते 6 माह में विधानसभा व लोकसभा चुनाव हुए हैं। दोनों चुनाव में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत कर शहर में बेहतर परिणाम लाया है। अब कुछ माह बाद नगरीय निकाय चुनाव होने वाले हैं, जिसके लिए हमे अभी से रणनीति बनाकर कार्य करना है। उन्होंने अलग-अलग वार्डों के पार्षद व कार्यकर्ताओं को चुनाव को लेकर अभी से तैयारी करने निर्देशित किया।

इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पार्टी के वरिष्ठ नेतागण पूनम चंद्राकर, चंद्रहास चंद्राकर सहित प्रदीप चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, सुधा साहू, रमेश साहू, निरंजना चंद्राकर, सतपाल सिंह पाली, पार्षद देवीचंद राठी, महेंद्र जैन, मीना वर्मा, मनीष शर्मा, पवन पटेल, मंगेश टांकसाले, संदीप घोष, बड़े मुन्ना, विनोद रात्रे, दिनेश रुपरेला, सुनीता देवांगन, शुभ्रा शर्मा, हनीश बग्गा, नंदू जलक्षत्री और पार्टी के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### सोनापुटी स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**बागबाहरा।** शासकीय प्राथमिक शाला सोनापुटी संकुल खोपली में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। साथ ही मिठाई खिलाई गई। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष असवंतीन दीवान, उपाध्यक्ष मेघनाथ टंडन, शिक्षा विद् मोहनी दीवान, पंचायत प्रतिनिधि लकेश्वरी दीवान, कोषाध्यक्ष डेल्हा राम यादव व सदस्यों मे टिकेश्वर कुम्हार, मनीराम, पंच राम, ओमप्रकाश, तेनसिंग, डिंपल यादव, फुल कुंवर, होमलता, डेरहीन, कांति ध्रुव को बनाया गया। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की नियुक्ति पर प्रधान पाठक हेमंत कुमार साहू ने हर्ष जताया है।

# उद्यान में वरिष्ठजनों से मिलकर नपाध्यक्ष ने की चर्चा

## वरिष्ठजनों ने शहरहित में किए जा रहे विकास कार्यों के लिए राशि महिलांग की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नपाध्यक्ष द्वारा शहर के बीटीआई मार्ग स्थित गुरु गोविंद सिंग उद्यान में शहर के सीनियर सिटीजन नागरिकों के बैठने के लिए शेड निर्माण कर कुर्सियां की व्यवस्था की है। प्रतिदिन सुबह-शाम मार्निंग वॉक पर निकलने वाले वरिष्ठ नागरिकों के साथ अन्य नागरिक भी यहां बैठकर सुकून के पल बिता रहे हैं।

गत दिनों शाम को शहर के बीटीआई मार्ग से गुजर रही नगर



पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग की नजर उद्यान में निर्मित शेड में चर्चा कर रहें शहर के वरिष्ठ नागरिकों पर पड़ी। उन्होंने वह पहुंच सर्वप्रथम सभी वरिष्ठजनों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग वरिष्ठजनों के साथ बैठ उनका हाल-चाल जाना। इसके अलावा उन्होंने सभी वरिष्ठजनों से शहरहित में हो रहे विकास कार्यों पर चर्चा की। सभी वरिष्ठजनों ने महिलांग के कार्यों की प्रशंसा करते हुए आशीर्वाद दिया।

# विज्ञान आश्रम कसेकेरा में स्कूली बच्चों ने सीखा बडिंग और ग्रॉफ्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत प्रदेश की अग्रणी स्वयंसेवी संस्था छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के तत्वावधान में ग्राम कसेकेरा में स्थित विज्ञान आश्रम में शनिवार 29 जून को स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा अपने हाथों से देशी आम के पौधों पर दशहरी आम की ग्राफ्टिंग की गई। इसी प्रकार उन्होंने बेर के देशी पौधे पर एप्पल बेर की शाखा से आंख निकाल कर बडिंग करना सीखा।

विज्ञान आश्रम के संचालक सेवानिवृत अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम की पहल पर यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्य प्रशिक्षक एमएल साहू द्वारा बच्चों को प्रारंभ में बडिंग और ग्राफ्टिंग की जरूरत और फायदों से अवगत कराया गया। प्रश्नोत्तर शैली में लगातार संवाद करते हुए उन्होंने बडिंग और ग्राफ्टिंग के संबंध में बच्चों में उत्सुकता पैदा की। उन्होंने पहले बडिंग




और ग्राफ्टिंग कार्य की सावधानियां बताई। इसके बाद एक आम के देशी पौधे में दशहरी आम की तैयार की गई पतली सी शाखा से खुद ग्राफ्टिंग कर दिखाया। उन्होंने सिखाया कि कैसे देशी पौधे में खांचा बनाया जाता है और कैसे हम उन्नत आम की टहनी को छीलकर वी शेप ग्राफ्टिंग करते हैं। इसके बाद उन्होंने कसेकेरा मिडिल स्कूल के प्रधान अध्यापक डा विजय शर्मा के साथ एप्पल बेर की तैयार शाखा से अखिया निकाल कर देशी बेर के पौधे में बडिंग कर दिखाया। इस अवसर पर डॉ विजय शर्मा द्वारा बच्चों को रोचक तरीके से नए पौधे तैयार करने के विज्ञान के बारे में बताया गया। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर सीखने की सलाह देते हुए पूरे कसेकेरा तथा आसपास के अन्य ग्रामों में खूब सारे ग्राफ्टेड आम और एप्पल बेर के पौधे तैयार कर लगाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण में मिडिल स्कूल के विज्ञान शिक्षक कामाक्षी चंद्राकर, प्राथमिक शाला टोंगोपानी के प्रधान पाठक प्रमोद चंद्राकर भी शामिल हुए। उन्होंने विज्ञान आश्रम कसेकेरा में लगाए गए विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों की तारीफ की और ग्राफ्टिंग बडिंग की स्किल हासिल करने बच्चों को प्रेरित किया। अंत में उषा मेश्राम द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों, प्रशिक्षक साथियों और शिक्षकगणों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



### सही जवाब देने वाली छात्रा को दिया गया उपहार

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देश पर जिला रोजगार कार्यालय द्वारा भारतीय सेना के अग्निवीर योजना के संबंध में युवाओं को जानकारी देने तथा सेना में सेवा देने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय वायुसेना के अधिकारियों द्वारा नगर के विभिन्न हायर सेकेंडरी स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं से भारतीय सेना के बारे में प्रश्न पूछा गया। शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद के कक्षा बारहवीं वाणिज्य की छात्रा विनीता सिन्हा ने उनके द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का सही सही उत्तर दिया, जिसके लिए भारतीय सेना के अधिकारियों द्वारा छात्रा को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर पर प्राचार्य जीआर सिन्हा, वरिष्ठ व्याख्याता विवेक रहटगांवकर, तोषण गिरि गोस्वामी, संजय मांझी, आशीष देवांगन, देवेंद्र शर्मा, पूजा साहू, तपस्या शर्मा, प्रज्ञा लांजेवार, भारती यादव, दुर्गेश नंदिनी यदु, निधि तिवारी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया है।